न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर (अलवर) राज0

पीठासीन अधिकारी :– पंकज बडगूजर (R.A.S.)

प्रार्थना पत्र सख्या	रजू दिनांक	निर्णय दिनांक
07/2021	28.01.2021	11.12.2021

उनवान

1. सुरेश देवी पत्नी दारासिंह जाति अहीर निवासी भुनगडा अहीर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0।

—: प्रार्थीया

बनाम

1. राज्य सरकार जरियें तहसीलदार महोदय मुण्डावर जिला अलवर, राज0।

—: अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956

....

वकील प्रार्थी :– श्री अनिल यादव

—: निर्णय :—

दिनांक :– 11.12.2021

आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 11.12.2021 में पेश हुई। प्रार्थना पत्र धारा अन्तर्गत 136 भू0 राजस्व अधिनियम 1956 के जरियें आराजी खसरा नम्बर 186/0.24, 335/0.18, 359/0.13, 798/184/0.42, 799/185/0.12, 822/309/0.04, 826/358/0.06, 838/490/0.13, 840/499/0.26, 308/0.09 है0 वाके ग्राम भुनगडा अहीर तहसील मुण्डावर जिला अलवर में प्रार्थीया अपने पति का नाम लीलूराम व बिल्लूराम के स्थान दारासिंह दर्ज करवाना चाहती है।

प्रार्थीया द्वारा अपने प्रार्थ[illegible] पत्र के सम[illegible]माबन्दी, सरपंच ग्राम पंचायत भुनगडा अहीर का प्रमाण पत्र, आधार [illegible] आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं का हल्फनामा पेश किया ग[illegible]त्रावली शामिल है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.05 13:14:34 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्ट्रर किया गया। उक्त [illegible]र्थना पत्र हल्का पटवारी भु[illegible] अहीर की जॉच रिपोर्ट ली गई, हल्का पटवारी भुनगडा अहीर द्वारा अपनी रिपोर्ट में अवगत कराया गया है कि सुरेश देवी पत्नी बिल्लूराम, सुरेश देवी पत्नी लीलूराम एवं सुरेश देवी पत्नी

उपखण्डाधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज0

दारासिंह जाति अहीर निवासी भुनगडा अहीर तीनो एक ही व्यक्ति है। सुरेश देवी पत्नी बिल्लूराम, सुरेश देवी पत्नी लीलूराम के स्थान पर सुरेश देवी पत्नी दारासिंह किया जाना उचित है।

: उभयपक्ष की सुनी गई, दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्रों के जिम्मनों को दौहराते हुए आराजी खसरा नम्बर 186/0.24, 335/0.18, 359/0.13, 798/184/0.42, 799/185/0.12, 822/309/0.04, 826/358/0.06, 838/490/0.13, 840/499/0.26, 308/0.09 है० वाके ग्राम भुनगडा अहीर तहसील मुण्डावर जिला अलवर में सुरेश देवी पत्नी बिल्लूराम, सुरेश देवी पत्नी लीलूराम के स्थान पर सुरेश देवी पत्नी दारासिंह दर्ज किये जाने का निवेदन किया। वकील प्रार्थी की ध्यानपूर्वक बहस सुनी गई एवं प्रस्तुत रिकॉर्ड एवं दस्तावेजात के गहनता से अध्ययन करने पर पाया कि प्रार्थीया के पति का नाम दारासिंह है। उक्त दस्तावेजात के आधार पर यह न्यायालय प्रार्थीया के प्रार्थना पत्र को स्वीकार योग्य पाता है।

–:: आदेश ::–

:

अतः प्रार्थीया के प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाये जाने की स्थिति में स्वीकार किया जाता है एवं हाल आराजी खसरा नम्बर 186/0.24, 335/0.18, 359/0.13, 798/184/0.42, 799/185/0.12, 822/309/0.04, 826/358/0.06, 838/490/0.13, 840/499/0.26, 308/0.09 है० वाके ग्राम भुनगडा अहीर तहसील मुण्डावर जिला अलवर में अंकित सुरेश देवी पत्नी बिल्लूराम, सुरेश देवी पत्नी लीलूराम के स्थान पर सुरेश देवी पत्नी दारासिंह दर्ज रिकॉर्ड किये जाने के आदेश दिये जाते है। उपरौक्तानुसार हाल राजस्व रिकोर्ड में अमल दरामद किये जाने हेतु तहसीलदार, मुण्डावर को अहकाम जारी हो।

यह निर्णय आज दिनांक 11.12.2021 को मेरे ह[illegible] जाकर बाद हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी कर खुले [illegible]

:

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.05 13:14:34 IST
Reason: SelfAttested

(पंकज [illegible]गूजर)
उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

उपखण्डाधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०